# 7.1.9 - Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens

World Cycle Day

3 June 2023

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया विश्व सायकिल दिवस

## प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती सायकिल से पहुंची महाविद्यालय



**डोंगरगढ़।** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3 जून को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय सेवा कोर (एन.सी.सी) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सायकिल दिवस मनाया गया। इस अवसर महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशानुसार महाविद्यालय के अधिकारियो-कर्मचारियों सहित एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा सायकिल दिवस के अवसर पर सायकिल का प्रयोग कर किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेवती स्वयं सायकिल से महविद्यालय पहुंची। इस अवसर पर डॉ. ई.व्ही रेवती ने महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को सायकिल दिवस की महत्ता बताते हुए साइकिल को हम जिंदगी का सबसे पहला एडवेंचर कह सकते हैं। गिरते-पड़ते हम साइकिल चलाना सीखते हैं। उम्र के अनुसार साइकिल का भी अलग-अलग महत्व है। बचपन में साइकिल शौकिया तौर पर चलाते हैं, फिर धीरे-धीरे साइकिल का उपयोग स्कूल जाने के लिए करते हैं, तो कई लोग साइकिल से अपने काम पर जाते हैं। लेकिन वक्त के साथ साइकिल की उपयोगिता भी बदल गई और महत्व भी बदल गया है। एक वक्त था जब साइकिल को परिवार में साधन का हिस्सा माना जाता था लेकिन अब यह सिर्फ एक्सरसाइज के तौर पर प्रयोग की जाती है। साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 तक काफी अच्छा चला है। इसके बाद समय परिवर्तित होता गया। आज एक्सरसाइज के साथ ही साइकिल का उपयोग एक एथलेटिक्स द्वारा भी किया जाता है। विश्व साइकिल दिवस हर साल यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली द्वारा हर साल 3 जून को यह दिवस मनाया जाता है। 3 जून के दिन साल 2018 में अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस घोषित किया गया था। साइकिल दिवस को मनाए जाने का प्रस्ताव अमेरिका के मॉंटगोमरी कॉलेज के प्रोफेसर लेस्लेक सिबिल्सकी ने याचिका दी थी, जिसके बाद इस दिन को मनाने का निर्णय लिया। साइकिल सबसे सस्ता वाहन है। इसके एक नहीं अनेक फायदे हैं। पेट्रोल की खपत नहीं होती, यह एक्सरसाइज करने के लिए बेस्ट है। सायकिल चालने से इम्युनिटी भी बढ़ती है एवं पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। इस अवसर पर ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े, सहित महाविद्यालय के कर्मचारीगण जे.के.देवांगन, नितिन शांडिल्य, दुलेलराम कुंजाम, संदीप गजभिये, चित्रा खोब्रागढ़े, सुशील सोनवानी, महेश कोटांगले सहित एन.एस.एस.के दलनायक विक्की रामटेके, वैशाली, महेश बोरकर, रोशन वर्मा, सोनू वर्मा, दीपशिखा सेन, लीना देवांगन, धनिता यादव, यादव, राजाराम सहित एन.एस.सी. एवं एन.एस.एस.के स्वयं सेवक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

5 Jun 2023

# प्रभारी प्राचार्य पहुंची साइकिल से कॉलेज



**डोंगरगढ़।** स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस एवं एनसीसी ने विश्व सायकिल दिवस मनाया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशानुसार अधिकारियों, कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं ने सायकिल का प्रयोग किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेवती स्वयं सायकिल से महविद्यालय पहुंची। इस अवसर पर डॉ. रेवती ने कहा कि साइकिल को हम जिंदगी का सबसे पहला एडवेंचर कह सकते हैं। गिरते-पड़ते हम साइकिल चलाना सीखते हैं। उम्र के अनुसार साइकिल का भी अलग-अलग महत्व है। इस अवसर पर नितेश तिरपुडे, जेके देवांगन, नितिन शांडिल्य, दुलेलराम कुंजाम, संदीप गजभिये, चित्रा खोब्रागढे, सुशील सोनवानी, महेश कोटांगले, विक्की रामटेके, वैशाली, महेश बोरकर, रोशन वर्मा, सोनू वर्मा, दीपशिखा सेन, लीना देवांगन, धनिता यादव, राजाराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## नियमित साइकिल चलाने का दिया संदेश

छुईखदान। विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर योग समिति ने शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वस्थ जीवन शैली, विभिन्न रोगोंसे बचने के लिए नियमित साईकिल चलाने का संदेश देते हुए जय स्तंभ चौक से जागरूकता रैली का आयोजन किया जिसे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शांति लाल जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का स्वागत नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने किया। साइकिल रैली नगर से श्यामपुर, भाटापारा, लक्ष्मणपुर, टिकरी पारा का भ्रमण किया। इस दौरान योग प्रशिक्षक मोहन जंघेल, अध्यक्ष संजय महोबिया, अशोक चंद्राकर, सोहन पाल, डॉ. विनय गिरेपुंजे, देव वैष्णव, डॉ. मद्र, सूरज यादव, भागवत जंघेल, छब्बूलाल, सियाराम, मानिक श्रीवास, माधो देवांगन, किशन ददरिया, धन्नो वर्मा, श्याम किशोर, आशाराम, लक्ष्मण निषाद, रामसुख रजक, अकबर खान, तुकाराम, आनंद ठाकुर, राजू रजक,कृषि महाविद्यालय के छात्र आदि शामिल हुए।





छात्र सूचना केन्द्र
Student Information Centre
COLLEGE LAYOUT
VISION
GPS Map Camera


GPS Map Camera


छात्र सूचना केन्द्र
Student Information Centre
Counter No. 4
शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
COLLEGE LAYOUT
VISION
GPS Map Ca

# World Environmental Day
# 5 June 2023


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
Google
Kalkasa, Chhattisgarh, India
5QW8+VW8, Kalkasa, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197179°
Long 80.767361°
05/06/24 11:26 AM GMT +05:30


adidas


GPS Map Camera
Google
Kalkasa, Chhattisgarh, India
5QW8+VW8, Kalkasa, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197179°
Long 80.767361°
05/06/24 11:25 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Kalkasa, Chhattisgarh, India
5QW8+VW8, Kalkasa, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.197179°
Long 80.767361°
05/06/24 11:22 AM GMT +05:30
Google

रायपुर - संस्कारधानी भूमि
28 Sep 2023

# हिन्दी पर आयोजित स्पर्धा में दीपिका प्रथम

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं हिन्दी प्राध्यापक डॉ. नीता राजपुत, नीलम सिन्हा, डॉ. येशुकृति हजारे के नेतृत्व में हिन्दी दिवस मनाया गया। सरस्वती वंदना दीपक साहू ने प्रस्तुत किया। स्वागत के बाद डॉ. नीता राजपुत ने हिन्दी के उद्भव, विकास पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है जिसे सम्मान दें। इस मौके पर डॉ. आशा चौधरी, गुलशन सिन्हा, डॉ. येशुक्रिती हजारे, नीलम सिन्हा, नीलम चतुर्वेदानी एवं डॉ.नौशीन अंजुम ने भी अपने विचार रखे।

हिन्दी साहित्य अंतर्गत मेरे प्रिय रचनाकार विषय पर विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में दीपिका सिन्हा, टिकेश्वरी मरकाम, दीक्षा भारती, दीपक साहू, मुस्कान, निखिल, सविता साहू, यामिनी, पीयूष यादव, बलराम, मोना सेन, भोजराम, चित्ररेखा, सक्षम अपने विचार व्यक्त किया। प्रथम स्थान दीपिका सिन्हा, द्वितीय भोजराम एवं तृतीय स्थान सक्षम वैष्णव ने प्राप्त किया।



नई सोच, नया अंदाज

# नईदुनिया

रायपुर, बिलासपुर, इंदौर, भोपाल (नवदुनिया), जबलपुर और ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित

**कार्यक्रम** नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने मनाया राजभाषा दिवस, प्रतियोगिता का किया आयोजन

## छत्तीसगढ़ी भाषा और कला संस्कृति से कराया अवगत

डोंगरगढ़ (नईदुनिया न्यूज)। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य डा. रेवती ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध है। आयोजित प्रतियोगिता में लगभग सभी व्यंजन चावल के बने हैं।

कला, संस्कृति, धर्म, दर्शन की विशिष्टता इसकी पहचान है। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. आशा चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. आरआर कोचे ने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ के कला, संस्कृति को बढ़ाने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने भाषा के प्रति आत्मीयता पर प्रकाश डाला गया।



नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता मे नृत्य की प्रस्तुति देती हुई छात्राएं। ● नईदुनिया

हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. नीता राजपूत द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का उद्देश्य, डा. हजारे ने छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्त्व, नीलम सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा की मधुरता पर प्रकाश डाला गया।

**विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्साः** छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं अलीशा, मोना, कविता, प्रियंका वर्मा, चांदनी जंघेल, चांदनी वर्मा द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रथम स्थान पर रहा। एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं नेहा, कविता, यामिनी, हिमांशु द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रियंका वर्मा एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, हिमांशु इंदुरकर एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय तथा डुलेश्वरी निषाद बीएससी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पीयूष यादव, द्वितीय डुलेश्वरी निषाद और तृतीय स्थान चांदनी कंवर ने प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम डुलेश्वरी, द्वितीय दीपक साहू व तृतीय स्थान नेहा पटेल ने प्राप्त किया।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

8 Dec 2023

# नृत्य स्पर्धा में नेहरू कॉलेज की छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति, सभी ने सराहा

- छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं डॉ. नीता राजपुत, नीलम सिन्हा, डॉ. येशुक्रिती हजारे के नेतृत्व में हिन्दी विभाग ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया। प्राचार्य ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन किया। राजगीत गायन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध है। कला,संस्कृति, धर्म, दर्शन की विशिष्टता इसकी पहचान है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. आरआर कोचे, गुलशन सिन्हा, डॉ. नीता राजपुत, डॉ.हजारे ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति एवं व्यजनों पर विविध प्रतियोगिता आयोजित की गई। सामूहिक नृत्य में अलीशा, मोना, कविता, प्रियंका वर्मा, चाँदनी जंघेल, चाँदनी वर्मा ने प्रथम, नेहा, कविता, यामिनी, हिमांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में प्रियंका वर्मा प्रथम,हिमांशु इंदुरकर द्वितीय तथा डुलेश्वरी निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन में पीयूष यादव प्रथम,डुलेश्वरी निषाद द्वितीय तथा चाँदनी कंवर तृतीय, वेशभूषा प्रतियोगिता में डुलेश्वरी प्रथम, दीपक साहू द्वितीय, नेहा पटेल तृतीय, एकल गीत दीपक साहू प्रथम और मुस्कान खान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 08 Dec 2023 - rajn3
epaper.navabharat.news

**आयोजन** | नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

# छग की कला संस्कृति पर विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित

नवभारत रिपोर्टर .राजनांदगांव.

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एव डॉ. नीता राजपुत, नीलम सिन्हा, डॉ. येशुक्रिती हजारे के नेतृत्व में हिन्दी विभाग द्वारा 05 दिसम्बर मंगलवार को हिन्दी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया. प्राचार्य द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन के साथ समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा समवेत स्वर में राजगीत गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.

हिन्दी विभाग द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया. प्राचार्य द्वारा सभी को राजभाषा दिवस की शुभकामनाएं देते हुये अपने वक्तव्य में कहा गया कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध है. आयोजित प्रतियोगिता में लगभग सभी व्यंजन चाँवल के बने हैं. कला, संस्कृति, धर्म, दर्शन की विशिष्टता इसकी पहचान है. इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डाला गया. अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर.कोचे द्वारा कहा गया कि हमें छत्तीसगढ़ के कला, संस्कृति को बढ़ाने का प्रयास निरन्तर करते रहना चाहिये. अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा द्वारा अपनी भाषा के प्रति आत्मीयता पर प्रकाश डाला गया. हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. नीता राजपुत द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का उद्देश्य, डॉ.हजारे द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्त्व, नीलम सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा की मधुरता पर प्रकाश डाला गया.



छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति एवं व्यांजनों पर विविध प्रतियोगिता आयोजित - छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढकर भग लिया. सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं अलीशा, मोना, कविता, प्रियंका वर्मा, चाँदनी जंघेल, चाँदनी वर्मा द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रथम स्थान पर रहा. एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं नेहा, कविता, यामिनी, हिमांशु द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रियंका वर्मा एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, हिमांशु इंदुरकर एम.ए. अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय तथा डुलेश्वरी निषाद बी.एस . सी. प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में पीयूष यादव बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम,डुलेश्वरी निषाद बीएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा चाँदनी कंवर एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता में डुलेश्वरी बी.एस. सी.प्रथम वर्ष ने प्रथम,दीपक साहू बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय, नेहा पटेल एम. ए. हिन्दी तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. एकल गीत प्रतियोगिता में दीपक साहू बी.ए.प्रथम वर्ष ने प्रथम और मुस्कान खान बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया.

नईदुनिया
नई सोच, नया अंदाज
रायपुर, बिलासपुर, इंदौर, भोपाल (नवदुनिया), जबलपुर और ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित

कार्यक्रम

नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने मनाया राजभाषा दिवस, प्रतियोगिता का किया आयोजन

# छत्तीसगढ़ी भाषा और कला संस्कृति से कराया अवगत

डोंगरगढ़ ( नईदुनिया न्यूज )। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य डा. रेवती ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध है। आयोजित प्रतियोगिता में लगभग सभी व्यंजन चावल के बने हैं।

कला, संस्कृति, धर्म, दर्शन की विशिष्टता इसकी पहचान है। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. आशा चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. आरआर कोचे ने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ के कला, संस्कृति को बढ़ाने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने भाषा के प्रति आत्मीयता पर प्रकाश डाला गया।



नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में नृत्य की प्रस्तुति देती हुई छात्राएं। ● नईदुनिया

हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. नीता राजपूत द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का उद्देश्य, डा. हजारे ने छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्त्व, नीलम सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा की मधुरता पर प्रकाश डाला गया।

**विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा:** छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं अलीशा, मोना, कविता, प्रियंका वर्मा, चांदनी जंघेल, चांदनी वर्मा द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रथम स्थान पर रहा। एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं नेहा, कविता, यामिनी, हिमांशु द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रियंका वर्मा एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, हिमांशु इंदुरकर एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय तथा डुलेश्वरी निषाद बीएससी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पीयूष यादव, द्वितीय डुलेश्वरी निषाद और तृतीय स्थान चांदनी कंवर ने प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम डुलेश्वरी, द्वितीय दीपक साहू व तृतीय स्थान नेहा पटेल ने प्राप्त किया।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
8 Dec 2023

# नृत्य स्पर्धा में नेहरू कॉलेज की छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति, सभी ने सराहा

- छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं डॉ. नीता राजपुत, नीलम सिन्हा, डॉ. येशुक्रिती हजारे के नेतृत्व में हिन्दी विभाग ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया। प्राचार्य ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन किया। राजगीत गायन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध है। कला,संस्कृति, धर्म, दर्शन की विशिष्टता इसकी पहचान है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. आरआर कोचे, गुलशन सिन्हा, डॉ. नीता राजपुत, डॉ.हजारे ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति एवं व्यजनों पर विविध प्रतियोगिता आयोजित की गई। सामूहिक नृत्य में अलीशा, मोना, कविता, प्रियंका वर्मा, चाँदनी जंघेल, चाँदनी वर्मा ने प्रथम, नेहा, कविता, यामिनी, हिमांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में प्रियंका वर्मा प्रथम,हिमांशु इंदुरकर द्वितीय तथा डुलेश्वरी निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ी व्यंजन में पीयूष यादव प्रथम,डुलेश्वरी निषाद द्वितीय तथा चाँदनी कंवर तृतीय, वेशभूषा प्रतियोगिता में डुलेश्वरी प्रथम, दीपक साहू द्वितीय, नेहा पटेल तृतीय, एकल गीत दीपक साहू प्रथम और मुस्कान खान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 08 Dec 2023 - rajn3
epaper.navabharat.news

**आयोजन** | नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

# छग की कला संस्कृति पर विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित

नवभारत रिपोर्टर .राजनांदगांव.



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एव डॉ. नीता राजपुत, नीलम सिन्हा, डॉ. येशुक्रिती हजारे के नेतृत्व में हिन्दी विभाग द्वारा 05 दिसम्बर मंगलवार को हिन्दी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया. प्राचार्य द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन के साथ समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा समवेत स्वर में राजगीत गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ.

हिन्दी विभाग द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया. प्राचार्य द्वारा सभी को राजभाषा दिवस की शुभकामनाएं देते हुये अपने वक्तव्य में कहा गया कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध है. आयोजित प्रतियोगिता में लगभग सभी व्यंजन चाँवल के बने हैं. कला, संस्कृति, धर्म, दर्शन की विशिष्टता इसकी पहचान है. इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डाला गया. अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर.कोचे द्वारा कहा गया कि हमें छत्तीसगढ़ के कला, संस्कृति को बढ़ाने का प्रयास निरन्तर करते रहना चाहिये. अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा द्वारा अपनी भाषा के प्रति आत्मीयता पर प्रकाश डाला गया. हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. नीता राजपुत द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का उद्देश्य, डॉ.हजारे द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्त्व, नीलम सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा की मधुरता पर प्रकाश डाला गया.

छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति एवं व्यांजनों पर विविध प्रतियोगिता आयोजित - छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढकर भग लिया. सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं अलीशा, मोना, कविता, प्रियंका वर्मा, चाँदनी जंघेल, चाँदनी वर्मा द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रथम स्थान पर रहा. एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं नेहा, कविता, यामिनी, हिमांशु द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रियंका वर्मा एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, हिमांशु इंदुरकर एम.ए. अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय तथा डुलेश्वरी निषाद बी.एस . सी. प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता में पीयूष यादव बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम,डुलेश्वरी निषाद बीएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा चाँदनी कंवर एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता में डुलेश्वरी बी.एस. सी.प्रथम वर्ष ने प्रथम,दीपक साहू बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय, नेहा पटेल एम. ए. हिन्दी तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. एकल गीत प्रतियोगिता में दीपक साहू बी.ए.प्रथम वर्ष ने प्रथम और मुस्कान खान बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया.

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 28 Sep 2023 - rajn3
epaper.navabharat.news

# मेरे प्रिय रचनाकार विषय पर विचार स्पर्धा आयोजित

**नवभारत रिपोर्टर .डोंगरगढ़**




शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशानिर्देशन एवं हिन्दी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. नीता राजपुत, नीलम सिन्हा, डॉ.येशुकृति हजारे के नेतृत्व में हिन्दी दिवस मनाया गया. माता सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्जवलन तथा वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. सरस्वती वंदना बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र दीपक साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया.

अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. रेवती, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.आशा चौधरी एवम अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा उपस्थित थे। हिन्दी विभाग द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया. हिन्दी विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपुत द्वारा अपने स्वागत उदबोधन में हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी भाषा के उदभव-विकास पर प्रकाश डाला गया. प्राचार्य डॉ. रेवती द्वारा हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुये अपने वक्तव्य में कहा गया कि हमारा देश विविधताओं का देश है. इसके बावजूद हम भाषा की दृष्टि से भी एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं. हिन्दी हमारी राजभाषा है. इसमें जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है. हम सभी का परम दायित्व है कि हम अपनी राजभाषा को पूर्ण सम्मान दें. इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने कहा कि हिन्दी हमारी अभिव्यक्ति की भाषा है तथा यह अत्यंत प्रभावशाली है. अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने कहा कि हिन्दी हमारी पहचान है. हिन्दी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ.येशुकृति हजारे द्वारा हिन्दी भाषा का महत्व एवं नीलम सिन्हा द्वारा हिन्दी के विविध रूपों पर प्रकाश डाला गया. गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवम डॉ.नौशीन अंजुम ने भी हिन्दी की लोकप्रियता पर अपने विचार रखे.

इसी तारतम्य में हिन्दी साहित्य के अंतर्गत मेरे प्रिय रचनाकार विषय पर विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें दीपिका सिन्हा एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर द्वारा कबीरदास, टिकेश्वरी मरकाम एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर द्वारा मैथिली शरण गुप्त, दीक्षा भारती बीए प्रथम वर्ष द्वारा फणीश्वरनाथ रेणु, दीपक साहू बीए प्रथम वर्ष द्वारा महादेवी वर्मा, मुस्कान बीए प्रथम वर्ष द्वारा यशपाल, निखिल बीएससी प्रथम वर्ष द्वारा प्रेमचंद, सविता साहू द्वारा तुलसीदास, यामिनी एमए हिन्दी द्वारा प्रेमचंद, पीयूष यादव बीए प्रथम वर्ष द्वारा गुप्त, बलराम एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर द्वारा प्रेमचंद, मोना सेन एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर द्वारा उपेन्द्रनाथ अश्क,भोजराम एमए हिन्दी द्वारा अंधेर नगरी,चित्ररेखा बीए प्रथम वर्ष द्वारा प्रेमचंद, सक्षम एमएससी रसायनशास्त्र द्वारा कुमार विश्वास पर विचार अभिव्यक्त किया गया. इसमें प्रथम स्थान दीपिका सिन्हा एमए हिन्दी तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान भोजराम एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर एवम तृतीय स्थान सक्षम वैष्णव एमएससी रसायनशास्त्र ने प्राप्त किया.

इस अवसर पर हेमुराम पद्मे, अनिमा मिंज, पद्मा खूंटे, मनीषा भेड़िया, अंजली देवांगन, मीनाक्षी साहू सहित महेन्द्र, आलिशा, चांदनी जंघेल, नेहा पटेल, सोम, रेशमी सिन्हा आदि विद्यार्थी उपस्थित थे.




हिन्दी दिवस – 14 सितम्बर 2023

# International Yoga Day
# 21 June 2023

# योग से होती है शांति की अनुभूति : डा. ईव्ही रेवती

डोंगरगढ़( नईदुनिया न्यूज )। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के योगा एंड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा द्वारा महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न प्राणायामों जैसे ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम विलोम शीतली भ्रामरी ध्यान योग आदि की जानकारी देते हुए योगाभ्यास करया। प्रभारी प्राचार्य डा.ईव्ही रेवती ने उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को योग के महत्व बताते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है।



योगाभ्यास में कालेज स्टाफ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। • आयोजक

योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की शारीरिक परेशानियों को दूर करना है। योग मनुष्य के मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति करवाता है। योग करने से हमें अच्छी नींद आती है तथा हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। योग से हमें शांति तथा आनंद प्राप्त होता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है तथा हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ, लचीला तथा शक्तिशाली भी बनाए रखता है। दौरान डा.प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डा.आशा चौधरी, डा.आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
23 Jun 2023

### 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मना

# बच्चों से लेकर बड़ों ने किया योग







हरिभूमि न्यूज ▶▶। डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 जून को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा कोर (एनसीसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय स्टाफ द्वारा प्रातः7 बजे से उपस्थित होकर योग क्रियाओं में भाग लिया गया। महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा ने महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न प्राणायामो जैसे ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपाल भारती, अनुलोम विलोम, शीतली भ्रामरी ध्यान योग आदि की जानकारी देते हुए योग करवाया।

प्रभारी प्राचार्य डा. ई.व्ही. रेवती ने उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को योग के महत्व को बताया। अंत में योगाचार्य के रूप में अपना सहयोग देने वाले योग शिक्षक संतराम वर्मा को महाविद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राध्यापक डा. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डा. आशा चौधरी, डा.आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, कर्मचारीगण जेके देवांगन, संजय तिवारी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, सरिता वैष्णव, चित्रा खोब्रागडे, सुशील सोनवानी, दुलेलराम कुंजाम, शैलेन्द्र यादव, जेआर साहू, एनएसएस के दलनायक विक्की रामटेके, राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, राकेश वर्मा, मानसी वर्मा, निकिता गुप्ता, नंदनी साहू, वैशाली पायल देवांगन, शुभम वैष्णव, सुनील, झालेश्वर सहित एनसीसी के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## न्यायालयीन भवन में योग

**डोंगरगढ़।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायालयीन भवन डोंगरगढ़ में विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त योग शिविर में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति व कार्यवाहक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीष दुबे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र सिंह नाग तथा श्रीमती संध्या देशपांडे, दौलत महोबिया, अशोक टेंभुरकर, मिलिंद वर्मा, टीएस कुशवाहा, कमलाकर सिंह अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण व पैरलीगल वालिंटियर उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक गोपाल महोबिया एवं श्याम तिवारी ने योग दिवस का अभ्यास व योग के महत्व की जानकारी दी।

## घोघरे में लोगों ने किया योग

छुरिया। मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत घोघरे के पंचायत सचिव शिशुपाल पटेल के मार्गदर्शन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घोघरे के प्रधान पाठक थानाराम मोटघरे द्वारा सामुदायिक भवन में आंगनबाडी के बच्चों, स्कूली बच्चों, ग्राम के नागरिकों को योगा कराया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव शिशुपाल पटेल, प्रधान पाठक थानु राम मोटघरे, कवल मंडावी, श्रीमती मालती बाई, सुश्री रोहानी नेताम, वामनी ओईके, सरस्वती कतलाम और ग्राम घोघरे के शिक्षामित्र दिव्यांग युवा टेकराम सलामे उपस्थित थे।

## नियमित योग से नई आत्म चेतना होती है जागृत : वैष्णव



छुरिया। जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र के ग्राम बिहारीटोला में योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए व ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। इस दौरान श्री वैष्णव ने कहा कि योग इसे एक दिन नहीं प्रत्येक दिन अपने दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लें। योग तन व मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने का ऐसा शाश्वत साधन है जिसके नियमित अभ्यास से मनुष्य में एक नई आत्म चेतना जागृत होती है। इस अवसर पर भाजपा मंडल छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल, नैन सिंह पटेल, कुंदन बाडोले, खिलेन्द्र साहू, शंकुतलाबाई गंधर्व, कुमदास साहू, बालाराम साहू, हुकुम साहू, देवसिंग,पटेल, हृदयराम चंद्रवंशी, लोकेश सिन्हा, राम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, रमेश धनकर, पूसाऊराम उइके, रवि वैष्णव, मोहित वैष्णव, जगदेव चंद्रवंशी, वेद राम चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में युवा वर्ग एवं ग्रामवासी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

23 Jun 2023

## 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मना

# बच्चों से लेकर बड़ों ने किया योग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 जून को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा. ई.वी. रेवती के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा कोर (एनसीसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय स्टाफ द्वारा प्रातः7 बजे से उपस्थित होकर योग क्रियाओं में भाग लिया गया। महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा ने महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न प्राणायामो जैसे ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपाल भारती, अनुलोम विलोम, शीतली भ्रामरी ध्यान योग आदि की जानकारी देते हुए योग करवाया।

प्रभारी प्राचार्य डा. ई.वी. रेवती ने उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को योग के महत्व को बताया। अंत में योगाचार्य के रूप में अपना सहयोग देने वाले योग शिक्षक संतराम वर्मा को महाविद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राध्यापक डा. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डा. आशा चौधरी, डा.आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, कर्मचारीगण जेके देवांगन, संजय तिवारी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, सरिता वैष्णव, चित्रा खोब्रागडे, सुशील सोनवानी, दुलेलराम कुंजाम, शैलेन्द्र यादव, जेआर साहू, एनएसएस के दलनायक विक्की रामटेके, राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, राकेश वर्मा, मानसी वर्मा, निकिता गुप्ता, नंदनी साहू, वैशाली पायल देवांगन, शुभम वैष्णव, सुनील, झालेश्वर सहित एनसीसी के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### न्यायालयीन भवन में योग

**डोंगरगढ़।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायालयीन भवन डोंगरगढ़ में विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त योग शिविर में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति व कार्यवाहक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीष दुबे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र सिंह नाग तथा श्रीमती संध्या देशपांडे, दौलत महोबिया, अशोक टेंभुरकर, मिलिंद वर्मा, टीएस कुशवाहा, कमलाकर सिंह अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण व पैरलीगल वालिंटियर उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक गोपाल महोबिया एवं श्याम तिवारी ने योग दिवस का अभ्यास व योग के महत्व की जानकारी दी।

### घोघरे में लोगों ने किया योग

**छुरिया।** मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत घोघरे के पंचायत सचिव शिशुपाल पटेल के मार्गदर्शन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घोघरे के प्रधान पाठक धानाराम मोटघरे द्वारा सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी के बच्चों, स्कूली बच्चों, ग्राम के नागरिकों को योगा कराया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव शिशुपाल पटेल, प्रधान पाठक धानु राम मोटघरे, कमल मंडावी, श्रीमती मालती बाई, सुश्री रोहानी नेताम, वामनी ओईके, सरस्वती कतलाम और ग्राम घोघरे के शिक्षामित्र दिव्यांग युवा टेकराम सलामे उपस्थित थे।

## नियमित योग से नई आत्म चेतना होती है जागृत : वैष्णव



**छुरिया।** जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र के ग्राम बिहारुटोला में योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए व ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। इस दौरान श्री वैष्णव ने कहा कि योग इसे एक दिन नहीं प्रत्येक दिन अपने दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लें। योग तन व मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने का ऐसा शाश्वत साधन है जिसके नियमित अभ्यास से मनुष्य में एक नई आत्म चेतना जागृत होती है। इस अवसर पर भाजपा मंडल छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल, नैन सिंह पटेल, कुंदन बडोले, खिलेन्द्र साहू, शंकुतलाबाई गंधर्व, कुमदास साहू, बालाराम साहू, हुकुम साहू, देवसिंग पटेल, लक्ष्यराम चंद्रवंशी, लोकेश सिन्हा, राम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, रमेश धनकर, पूसाऊराम उइके, रवि वैष्णव, मोहित वैष्णव, जगदेव चंद्रवंशी, वेद राम चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में युवा वर्ग एवं ग्रामवासी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# योग मनुष्य के मन की क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति कराता है: डॉ. रेवती

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़



डोंगरगढ़. कॉलेज परिसर में योगाभ्यास करते हुए प्राध्यापक व स्टूडेंट्स।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी एवं एनएसएस विभाग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योगाचार्य संतराम वर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन, शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपाल भारती, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी, ध्यान योग करवाया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही. रेवती ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला व विज्ञान है। योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति व सभी प्रकार की शारीरिक परेशानी को दूर करना है। योग मनुष्य के मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति कराता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है। हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ, लचीला व शक्तिशाली भी बनाए रखता है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर ने आभार व्यक्त किया। योग शिक्षक संतराम वर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ.आरआर. कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके. यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, बेदप्रकाश साहू, जेके देवांगन, संजय तिवारी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये उपस्थित थे।




राष्ट्रीय कैडेट कोर








राष्ट्रीय सेवा योजना

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 30 Nov 2023 - 30rajn3
epaper.navabharat.news

# संविधान दिवस पर महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने ली शपथ




नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्रभारी प्राचार्य डॉ ई व्ही रेवती के दिशा निर्देशन में एनएसएस के अधिकारी एच. आर पदमे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में आगामी दिनों में 7 दिवसीय कैंप हेतु आयोजित स्थान में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर एनएसएस के वैलेंटियर द्वारा रैली निकाल कर संविधान की प्रस्तावना की ली गई. साथ ही भाषण, क्विज आदि कार्यक्रम आयोजित किया गये.

कार्यक्रम में एनएसएस के वैशाली लाउत्रे, विक्की रामटेके, राजाराम सिन्हा मयूरी सिंह, वीरेंद्र, दीपशिखा, लीना देवांगन, माधुरी पटेल, रोशन वर्मा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
एन.सी.सी. दिवस
26 नवम्बर 2023
DONGARGARH

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 30 Nov 2023 - 30rajn3
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में मना संविधान व एनसीसी दिवस



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ एवं शासकीय आत्मानंद बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवम्बर को 75 वें एनसीसी दिवस एवं 74 वें संविधान दिवस पर एनसीसी कैडेट्स की सहभागिता के साथ आईटीबीपी के द्वितीय कमान अधिकारी तरूण कुमार बंजारी के मुख्य आतिथ्य एवं शासकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य एल. द्विवेदी के विशिष्ट आतिथ्य में हर्षोल्लास एवं गरीमापूर्ण ढंग से मनाया गया. इस अवसर पर शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टि. आर.आर.कोचे के मागदर्शन एवं नेतृत्व में एनसीसी कैड्ैट्स द्वारा आकर्शक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया, इस मार्च पास्ट की सलामी द्वितीय कमान अधिकारी तरूण कुमार बंजारी द्वारा लिया गया। इसी प्रकार नेहरू महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा छद्‌म युद्ध का प्रदर्शन किया गया जो युवाओं में देशभक्ति के जज्बे के साथ देश की एकता एवं अखंडता, बलिदान एवं त्याग को प्रदर्शित करता है. मुख्य अतिथि तरूण कुमार बंजारी ने अपने उद्‌बोधन में युवाओं को आव्हान किया कि हम सभी के लिए देश की एकता आवं अखंडता के अलावा संविधान की रक्षा सर्वोपरी है.विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या विद्यालय, डोंगरगढ़ के प्राचार्य एल. द्विवेदी ने एनसीसी कैडेट्स को एकता एवं अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में एकता एवं अनुशासन की आवश्यकता पड़ती है। इस अवसर पर संविधान दिवस की शुभकामना एवं बधाई देते हुए नेहरू महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टि. आर.आर.कोचे ने संविधान की प्र्रस्तावना का पठन कर सभी नागरिकों को संविधान के अनुसार आचरण एवं व्यवहार करने का संकल्प दिलाया. कार्यक्रम के अंत में लेफ्टि आर.आर.कोचे ने उपस्थित अतिथियों, कैडेट्स एवं गणमान्य नागरिकों को आभार प्रदर्शन करते हुए एनसीसी के उद्‌देश्यों को व्यवहारिक जीवन में अपनाये जाने की बात कही. इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया.

# रैली निकालकर दिया कौमी एकता का संदेश



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी की नेतृत्व में राष्ट्रीय कौमी एकता साप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई।

जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग राज्यों के पारंपरिक वेशभूषाओं को धारण कर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-हम सब आपस में भाई-भाई के नारे लगाकर कौमी एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण आशा चौधरी, डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, एवलाल मेश्राम, पदमा खूंटे, अनिमा मिज, डॉ. येशुक्रिती हजारे, मनीषा भेड़िया, मीनाक्षी साहू, अंजलि देवांगन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक विक्की रामटेके, उपदलनायक राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, वैशाली, पायल, मानसी, यशस्वी, प्रज्जवल, गेडाम, रोशन, दीपशिखा, निकिता गुप्ता, मयूरी सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 28 Nov 2023 - rajn2
epaper.navabharat.news

# डोंगरगढ़ में रैली निकालकर दिया कौमी एकता का संदेश




**नवभारत रिपोर्टर। डोंगरगढ़ ।**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ, ईवी रेवती के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी की नेतृत्व में राष्ट्रीय कौमी एकता साप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग राज्यों के पारंपरिक वेशभूषाओं को धारण कर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-हम सब आपस में भाई-भाई के नारे लगाकर कौमी एकता का संदेश दिया गया.

कार्यक्रम में प्राध्यापकगण आशा चौधरी, डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, एवलाल मेश्राम, पदमा खूंटे, अनिमा मिज, डॉ. येशुक्रिती हजारे, मनीषा भेड़िया, मीनाक्षी साहू, अंजलि देवांगन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक विक्की रामटेके, उपदलनायक राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, वैशाली, पायल, मानसी यशस्वी, प्रज्जवल गेडाम, रोशन, दीपशिखा, निकिता गुप्ता, मयूरी सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

27 Aug 2023

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

डोंगरगढ़। विधानसभा निर्वाचन को ध्यान रखते हुए मतदाताओं में



जागरूकता लाने, प्रतिशत बढ़ाने तथा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के उद्देश्य से सभी गांवों एवं नगर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नेहरू महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन एवं नारो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया। रैली में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं सहित अन्य विभाग के अधिकारी -कर्मचारियों ने शामिल होकर मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी गिरिश रामटेके, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पुलिस विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 27 Aug 2023 - 27rajn3
epaper.navabharat.news

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक



**डोंगरगढ़.** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को ध्यान रखते हुए मतदाताओं में जागरूकता लाने, प्रतिशत मतदान करने तथा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के उद्देश्य से डोंगरगढ़ ब्लाक के सभी गांवों व नगर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसी तारतम्य में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने व शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूकता रैली निकाली गई. महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन एवं नारो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया. उक्त जागरूकता रैली में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने डोंगरगढ़ शहर के विभिन्न चौक-चौराहो से होते हुए रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया एवं 400 से विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर कीर्तिमान बनाया. शासकीय आत्मानंद विद्यालय में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवे समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ द्वारा निर्भीक व निष्पक्ष रूप से प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करने हेतु शपथ दिलाई. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी गिरिश रामटेके, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पुलिस विभाग, सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.


NSS
VOTE
BETTER

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 07 Dec 2023 - rajn3
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स दिवस




**राजनांदगांव**. शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एड्स दिवस जागरूकता पखवाड़ा अंतर्गत 5 दिसम्बर को एड्स जागरूकता हेतु उन्मुखी कार्यक्रम अंतर्गत व्याख्यान आयोजित किया गया. व्याख्यान के मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ के परामर्शदाता हितेंद्र कोसले उपस्थित रहे. श्री कोसले ने एड्स के कारण और बचाव विस्तृत जानकारी दी. महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उद्बोधन में युवा पीढ़ी को सतर्क जागरूक रहने की हिदायत दी गई . एड्स दिवस के अवसर पर भाषण, डिबेट ,पोस्टर मेकिंग निबंध कार्यक्रम भी आयोजित किया गया एवं शपथ लेकर जागरूक करने का निश्चय किया गया. कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. जी.के. यादव द्वारा किया गया.

# एड्स से बचाव हेतु शपथ लेकर जागरूक करने का लिया निश्चय

## नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स दिवस




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एड्स दिवस जागरूकता पखवाड़ा अंतर्गत 5 दिसम्बर को एड्स जागरूकता हेतु उन्मुखी कार्यक्रम अंतर्गत व्याख्यान आयोजित किया गया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ के परामर्शदाता हितेंद्र कोसले उपस्थित रहे। श्री कोसले ने एड्स के कारण और बचाव विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उद्बोधन में युवा पीढ़ी को सतर्क जागरूक रहने की हिदायत दी गई । एड्स दिवस के अवसर पर भाषण, डिबेट ,पोस्टर मेकिंग निबंध कार्यक्रम भी आयोजित किया गया एवं शपथ लेकर जागरूक करने का निश्चय किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. जी.के. यादव द्वारा किया गया।


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
GPS Map

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 21 Aug 2023 - 21rajn2 Main Esu_NB
epaper.navabharat.news

**आयोजन** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में डॉ. एसआर रंगनाथन की जयंती मनाई गई

# महाविद्यालय में मनाया गया लाइब्रेरियन्स डे

नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़



भारत में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन की 131 वी जयंती देशभर में लाइब्रेरियन्स डे के रूप में मनाई गयी. इसी कड़ी में शास.नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के ग्रंथालय विभाग द्वारा 12 अगस्त को डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर ग्रंथागर में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में डॉ. रंगनाथन की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरूवात डॉ. रंगनाथन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण कर किया गया. प्रभारी प्राचार्य डॉ.रेवती ने कहा कि महाविद्यालय का बौध्दिक रूप से शक्तिशाली बनाने के लिए इस प्रकार का आयोजन महाविद्यालय में होते रहना चहिए. पुस्तकालय समाज के प्रगति का पैमाना ही नही बल्कि सामूहिक चेतना और बुद्धिमता का प्रतीक होता है.

महाविद्यालय के ग्रंथपाल एन.के. तिरपुडे ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुऐ कहा कि 1928 में डॉ.एस.आर.रंगनाथन ने पुस्तकालय को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुस्तकालय विज्ञान के पॉच नियम बनाये गये जिसमें पुस्तके उपयोग के लिए है. प्रत्येक पाठक उसकी पुस्तक मिले. प्रत्येक पुस्तक को उसका पाठक मिले. पाठको की समय की बचत हो. पुस्तकालय एक वर्धनशिल संस्था है. इस नियम का प्रतिपादन कर भारतीय परिवेश में पुस्तकालय आंदोलन में एक नई क्रांति की शुरूवात की जो उच्च शिक्षा को और बेहतर बनाने में कारगर साबित हुई. पुस्तकालय की अनिवार्यता के साथ -साथ शोध कार्य पर भी जोर दिया गया.

डॉ. रंगनाथन गणित विषय के प्रोफेसर होने के बाउजूद उनकी नियुक्ति सन् 1924 में मद्रास विश्वविद्यालय में प्रथम पुस्तकालय के रूप में हुई. इस विषय की अतरिक्त योग्यता हासिल करने के लिय लंदन कॉलेज आफ युनिवर्सिटी इग्लैण्ड में अध्ययन किया. 9 माह के प्रवास में उन्होने 100 से अधिक लाइब्रेरी में जाकर उनकी कार्यप्रणाली पर अध्ययन किया. वहा पर पाया की हर एक लाइब्रेरी की अपनी अलग-अलग कार्यप्रणाली, सिध्दांत, भवन एवं स्टाफ भिन्न-भिन्न है. कुल 20 वर्षो तक मद्रास विश्व विद्यालय में पुस्तकालयध्यक्ष एवं विभाग के प्रमुख के रूप में अपनी सेवाए प्रदान करते रहे. देश मे पुस्तकालय और पुस्तकालय विज्ञान की वास्तविक आवश्कता की पहचान कराने वाले प्रथम व्यक्ति के रूप डॉ. रंगनाथन में स्वीकार किया गया. अतः इस क्षेत्र में योगदान की वजह से 12 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया जाता है. कार्यक्रम में महाविद्यालय के बुक लिफ्टर सुशील सोनवानी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.


GPS Map Camera

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 28 Jul 2023 - 28rjn3
epaper.navabharat.news

# वाणिज्य विभाग में मनाया गया आयकर दिवस




**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ ई व्ही रेवती के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में 24 जुलाई को आयकर दिवस मनाया गया.कार्यक्रम की शुरुआत सहा.प्राध्यापक बेदप्रकाश साहू द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने आयकर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1880 में इसी दिन सर जेम्स विल्सन द्वारा भारत में मूल रूप से आयकर पेश किया गया था और इस वर्ष हम आयकर दिवस की 163 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं. वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव ने आयकर से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया, उन्होंने बताया आयकर वर्षों पुरानी प्रथा है जिसे उस समय लगान के नाम से जाना जाता था. आयकर का भुगतान करना अति आवश्यक है. आयकर भुगतान के संबंध में या आयकर चोरी कि जो गलत धारणा लोगों में बनी हुई है.


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
B+
NAAC
वाणिज्य विभाग
आयकर दिवस

# नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती द्वारा महाविद्यालय के दोनो नये एवं पुराने भवन में ध्वजारोहण कर समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा शहीद जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुराने महाविद्यालय स्थित पं. नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ. आशा चैधरी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर, ग्रंथपाल नितेश तिरपुडे, सहा.प्राध्या. जीके यादव, श्रीमती सोनाली लोधा, ओमप्रकाश वर्मा, गुलशन सिन्हा, हेमुराम पटमे, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, डॉ. नीता राजपुत, डॉ. नौशीन अंजुम, एकलाल मेश्राम, श्रीमती तुलिका चक्रवर्ती, ऋतु अग्रवाल, श्रीमती ज्योति साहू, अनिमा मिंज, पदमा खुटे, प्रिया ठाकुर, मोनिका वर्मा, अंजलि देवांगन, मनीषा भेंडिया, नीलम सिन्हा, रोशन साहू, वासुदेव साहू, प्रभात बैस, गौरव तिवारी, जेके देवांगन, नितिन शांडिल्य, संजय तिवारी, बीएस मंडावी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, सरिता वैष्णव, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, चित्रा खोब्रागडे, शैलेन्द्र यादव, जे.साहू, शबाना खान, महेश कोठांगले,प्रिति सहारे सहित एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी डॉ. आर.आर.कोचे द्वारा किया गया।

## संविधान ने हमें अनेक अधिकार दिया है - डॉ. रेवती

अपने उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी हम सभी के लिए गौरव एवं देश की आजादी के प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों एवं संविधान निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. बी.आर.आम्बेडकर, पं. जवाहर लाल नेहरू सहित, महात्मा गांधी, राजेन्द्र प्रसाद जैसे महान शिक्षाविदो एवं नेताओं की तपस्या, कठिन परिश्रम व देश के प्रति समर्पित भावना का फल है। हमें संविधान ने अनेक अधिकार दिये है। संविधान ही सर्वोपरी है। धर्म जाति आदि भेदभाव मिटाकर वर्तमान में देश प्रेम एवं इंसानियत हमारी मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. नीता ठाकुर द्वारा कविता प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 21 Aug 2023 - 21rajn2 Main Esu_NB
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया. प्रभारी प्राचार्य डॉ रेवती द्वारा महाविद्यालय के दोनों भवनों में ध्वजारोहण किया. पुराने महाविद्यालय में एनसीसी व एनएसएस के केडेट्स द्वारा परेड निकालकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई. शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत शपथ ली गई. एमए इतिहास के छात्र डाकेश्वर वर्मा, एमए भूगोल के छात्र डुमेश्वर एवं भूतपूर्व एनसीसी के छात्र रोहित वलदे द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गए. डिकेश्वरी कंवर, मानसी, वैशाली द्वारा देशभक्ति गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरआर कोचे द्वारा किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, क्रीड़ा अधिकारी, ग्रंथपाल, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.


नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
GPS Map Camera

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/